तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़ 4



## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की लोक हितैषी योजनाओं से आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 2 जनवरी को ग्राम फुलसरी व समरकना 10 बजे से, बासीन व तराईमारडीह में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम धनरास में 10 बजे से और ग्राम छुरीखुर्द में 2 बजे से, कोरबी में 10 बजे से, मिसिया, जजगी में दोपहर 2 बजे से, ग्राम चिकनीपाली में 10 बजे से तथा कापूपहरी में 2 बजे से, ग्राम जेमरा में 10 बजे से और रतखण्डी में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### जिले में 3 से 5 तक विशेष ग्रामसभा का होगा आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिले के समस्त ग्रामों में 3 से 5 जनवरी तक विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त तिथि को आयोजित होने वाले ग्राम सभा में गणपूर्ति कराने का दायित्व संबंधित पंचायत के पंच, सरपंच एवं सचिव का होगा। उक्त शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत शेष पीडब्ल्यूएल एवं आवास प्लस सूची में शामिल परिवारों में से ही संबंधित हितग्राही का पात्रता परीक्षण, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्राप्त सर्वे डाटा अनुसार विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) चिन्हांकित परिवारों की पात्रता परीक्षण, वन अधिकार मान्यता पत्र के पात्र आवेदनो का ग्राम सभा में अनुमोदन, जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों का ग्राम सभा में अनुमोदन, पीएम जनमन के अंतर्गत बहुउद्देशीय केन्द्र निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता सहित ग्राम सभा प्रस्ताव पारित कराना सहित अन्य निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा की जाएगी।

### कटसीरा एवं धंवईपुर में किया गया शिविर का आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम कटसीरा एवं धंवईपुर में पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

## आस्था के दरबार से नववर्ष का स्वागत...



**कोरबा।** नववर्ष के आगमन पर शहरवासियों ने सर्वमंगला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ दिन की शुरुआत की वहीं पाली नौकोन्हिया तालाब में दीप दान किया गया। वहीं झोराघाट पिकनिक स्पॉट मे लोगों की भीड़ नजर आयी।

### तीन दिन देशव्यापी हड़ताल का दिखा असर, भटकते रहे यात्री

# हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल, थम गए पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों को लेकर पारित किए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में नववर्ष के पहले दिन सोमवार से शुरु हुई तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का असर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के मुख्यमार्गों में नजर आया जहां मालवाहक, भारी वाहन और यात्री बसें नहीं चली। जिससे आम जनजीवन पर पहले दिन ही असर पड़ते दिखा जब घर से अपने यात्रा के लिए निकले आम लोगों को यात्री बसों के हड़ताल की जानकारी मिली तो वह वाहन के लिए बस स्टैंड से लेकर मुख्यमार्गों में भटकते नजर आये। मजबूरी में उन्हें निजी वाहन या फिर ऑटो का सहारा लेना पड़ा

नववर्ष 2024 की शुरुआत वाहन चालकों की हड़ताल से होगी और यात्री बसें भी नहीं चलेंगे। इसकी उम्मीद आम लोगों को नहीं थी यही कारण है कि जब लोग अपनी यात्रा के लिए घरों से निकल बस स्टैंड पहुंचे तो उन्हें वाहन चालकों की हड़ताल की जानकारी मिली। तीन दिन तक चलने वाली इस हड़ताल में सभी वाहनों के चालक शामिल हो गए हैं। जिले के कुछ मार्गों में इक्का दुक्का यात्री बसें चली जिन्हें वाहन चालकों ने बीच रास्ते में रोककर वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी। सोमवार को पुराना बस स्टैंड और टीपी नगर में बस स्टैंड से यात्री बसें रवाना नहीं हो पाईं। ट्रकों, डंपरों के पहिए भी थम गए हैं। यात्री बस स्टैंड आने के बाद परेशान होकर अपने घर वापस जाने के लिए विवश हो रहे हैं। वाहन चालक संघ के सदस्यों ने सुबह बस स्टैंड पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग की है।



टीपी नगर बस स्टैंड में खड़ी यात्री बसें।

#### राताखार चौक में भारी वाहनों का जाम

नया और पुराना बस स्टैंड में यात्री बसों के चालकों ने अपनी गाड़ियां खड़ी कर दी तो वहीं राताखार चौक में कोयला खदान में चलने वाले भारी वाहन व अन्य संस्थाओं के भारी वाहन के चालकों ने अपने अपने वाहनों को मालिकों को सूचना देकर खड़ा कर दिया। जिससे राताखार चौक से लेकर मुख्यमार्ग तक वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई जिससे शहर में आने से आम लोगों को आवागमन में समस्या खड़ी हो गई थी। छोटे बड़े वाहन जाम में फंसे होने के कारण नहीं निकल पा रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भारी वाहनों के चालकों को समझाइश दी और वाहनों को अलग खड़ कर जाम हटाया।

#### ये है कानून में संसोधन

वाहन चालकों ने बताया कि सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधन के तहत सड़क हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को 10 साल की सजा और 8 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है। उनकी मांग है कि सरकार इस काले कानून को वापस ले। एक्सीडेंट की घटना ड्रायवर कभी भी जानबूझकर नहीं करते हैं। वाहन चालक के विरूद्ध एक्सीडेन्ट करने पर कानून में किये जा रहे संशोधन को निरस्त किया जाए। दुर्घटना के बाद चालक मौके से नहीं भागे तो जमा हुई भीड़ मारपीट करने के साथ कई बार जान तक ले लेती है। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा जो जुर्माना और सजा का प्रावधान किया है उसमें गरीब ड्राइवर कहां से वहन करेंगे। वहीं कानून में 10 साल की सजा होने पर परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। ड्राइवर यूनियन ने सामूहिक रूप से नए कानून में संशोधन करने की मांग की है।

## सेलिब्रेट करने 2 करोड़ की शराब पी गए मदिरा प्रेमी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्ष 2023 को अलविदा कहने और 2024 के आगमन के लिए लोगों ने जोर शोर से तैयारी की थी। वहीं इस जश्न को सेलिब्रेट करने के लिए लोगों ने जमकर शराब की खरीदी की। रविवार को शराब दुकानों में भारी भीड़ नजर आई। जिसका असर यह हुआ कि एक दिन में ही 1 करोड़ 85 लाख रुपए का शराब जिलेवासी गटक गए हैं। जिससे आबकारी विभाग 1 दिन में ही मालामाल हो गया है।

उल्लेखनीय है कि नए साल का जश्न मनाने के लिए मनाने के लिए लोगों ने पहले से ही खूब तैयारी की थी। शहर के अलग अलग स्थानों को सजाया गया था तो पिकनिक स्पॉट भी गुलजार नजर आए। नए साल के जश्न में लोगों ने छककर शराब का सेवन किया जिसका असर यह था कि ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- न्यू ईयर का जश्न मनाने खरीदा लोगों ने

#### नॉनवेज की दुकानों में भी देखने को मिली भीड़

नए साल के मोके पर मुर्गा, मछली मार्केट में भी भारी खरीददार नजर आए। सबसे ज्यादा नॉनवेज मार्केट में रविवार को भीड़ देखने को मिली। बताया जाता है कि मुर्गा खरीदने के लिए लोगों को लाइन लगाना पड़ रहा था। दुकानों में भारी भीड़ नजर आ रही थी और इसी तरह मछली के बाजार का भी यही हाल रहा। मछली खरीदने के लिए भी लोगों को काफी इंतजार करना पड़ रहा था।

## वॉकी टॉकी की खरीदी कर बन गए थे क्राइम ब्रांच के नकली अफसर, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो शातिर युवकों ने ऑनलाइन मार्केट से वॉकी टॉकी की खरीदी कर ली थी और शहर के इलाके में पहुंचकर अपने आपको क्राइम ब्रांच का अफसर बताते हुए लोगों को डरा धमकाकर पैसे की उगाही कर रहे थे। जैसे ही इसकी भनक पुलिस के अफसरों को मिली तो उन्होंने तत्काल मौके पर दबिश दी और क्राइम ब्रांच के अफसर बनकर वसूली करने वाले दो युवकों को धरदबोचा।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगोईबछेरा निवासी पुरुषोत्तम पटेल 35 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद पटेल ने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई कि 31 दिसंबर की शाम 4 बजे सुरेंद्र वैष्णव एवं सुरेंद्र राठौर नाम का व्यक्ति अपने आपको क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों को डरा धमका कर रकम की मांग कर रहे थे। पुरुषोत्तम पटेल की शिकायत पर थाना प्रभारी कोतवाली अभिनवकांत, मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू एवं साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी के नेतृत्व में विशेष टीम तैयार कर उक्त आरोपियों का धरपकड़ किया गया। आरोपी सुरेंद्र वैष्णव से 220 रुपए नगद तथा आरोपी सुरेंद्र राठौर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नाग वॉकीटॉकी को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी पुलिस ने टीम के साथ दी थी दबिश



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### जहर खाने से युवक की गई जान

**कोरबा।** अज्ञात कारणों के चलते एक 40 वर्षीय युवक ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का खा लिया था जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को पता चला जिसके बाद उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहगंज की है। यहां निवासरत रोहित कुमार 40 वर्ष पिता पंचू राम ने दो दिनों पूर्व घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को पता चला कि उसने किसी की नाशक पदार्थ का सेवन कर लिया है।


पगड़ी रस्म



स्व. श्री रामकुमार बंसल जी

आपको बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री रामकुमार बंसल जी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 22 दिसंबर 2023, शुक्रवार को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए
श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म
दिनांक 2 जनवरी 2024, दिन मंगलवार को सायं 4:00 बजे सम्पन्न होगी।
प्रसादः दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
स्थान : A-404, रियल हैवन अपार्टमेंट, बचपन स्कूल के पीछे, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.) मो नं: 9424144236, 9302235101

शोकाकुल
महावीर प्रसाद, सुरेंद्र, पवन (भाई) प्रवीण, संदीप, संजय (पुत्र)
प्रखर, अनमोल, मयंक, वैभव, दिव्यांश (पौत्र)
स्नेहा (पौत्री) आयांश (प्रपौत्र) एवं समस्त बंसल परिवार


### पर्यटन केंद्रों पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारी किए गए थे तैनात

# कप्तान ग्राउंड जीरो पर डटे रहे, नहीं हुई कोई बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को दो दिन पहले ही अलर्ट मोड पर ला दिया था और घटना दुर्घटना ना हो इसके लिए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सड़क पर डटे रहने का फरमान जारी किया था। 31 दिसंबर की शाम से ही पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला अलर्ट मोड पर नजर आए और वे देर शाम को शहर के उपनगरीय क्षेत्र दीपका, कुसमुण्डा व हरदीबाजार क्षेत्र के पेट्रोलिंग पर रहे जिसके बाद वे शहर में अलर्ट नजर आए और थानेदारों से लगातार संपर्क कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि 31 दिसंबर की रात पुलिस कप्ताप जितेंद्र शुक्ला स्वयं रात 3 बजे तक ग्राउंड जीरो पर डटे रहे जिसका नतीजा रहा कि जिले में कोई भी सड़क हादसे में मौत नहीं हुई और ना ही कोई बड़ी मारपीट जैसी घटना हुई है।

नए साल को जश्न के रूप में मनाने के लिए लोग अपने-अपने तरीके से इंतजाम करते हैं। खासतौर पर 1 जनवरी के दिन पर्यटन केंद्रो में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। लोग ऐसे में शराब पीकर वाहन दौड़ाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते है और कई बार लोगों की मौतें भी हो जाती है ऐसे में नए साल का जश्न बदरंग हो जाता है। ⏭ शेष पेज 4 पर



रात्रि गश्त में उतरे पुलिस अधीक्षक।

#### 280 चालकों पर हुई कार्यवाही

इसी तरह शहर में भी कोई बाइक व चार पहिया वाहन में शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर यातायात पुलिस में शहर में एक्शन में आ गई है। शहर के अलग-अलग चौक चौराहों मे यातायात एएसआई मनोज राठौर और उनकी टीम लगातार वाहनों की जांच कर रही है। जिसमें तीन सवारी बैठकर फराटे भरने वाले बिना हेलमेट के बाइक दौड़ने वाले शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को जमकर सबक सिखा रही थी। पिछले 3 दिनों के दौरान पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत कुल 285 चालकों पर कार्यवाही की है।


मा.लखनलाल देवांगन जी
को वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री
(छ.ग. शासन) बनने पर एवं
मा. प्रेमचंद पटेल जी
विधायक- कटघोरा विधानसभा
को जन्मदिन की
बहुत-बहुत बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएं...
जिले एवं क्षेत्रवासियों को अंग्रेजी नव वर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएं...
पंकज ध्रुवा
जिला मंत्री-भाजयुमो, कोरबा
बजरंग यादव
संयोजक आईटी सेल
कटघोरा विधानसभा
नरेन्द्र अहीर
महामंत्री-भाजयुमो
मंडल, हरदीबाजार
परमेश्वर निर्मलकर
युवा नेता-भाजयुमो
बिट्टू ध्रुवा
भाजयुमो-युवा नेता
रमेश राठौर
भाजयुमो-युवा नेता
लोकेश्वर कंवर
भाजयुमो-युवा नेता
आशुतोष बंजारे
भाजयुमो-युवा नेता
कृष्णा पटेल
अध्यक्ष-भाजयुमो
मंडल, हरदीबाजार
राहुल यादव
भाजयुमो-युवा नेता
बबला मरकाम
भाजयुमो-युवा नेता
राजू निर्मलकर
भाजयुमो-युवा नेता
विनीत-भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, हरदीबाजार जिला-कोरबा


मा.लखनलाल देवांगन जी
कैबिनेट मंत्री (छ.ग. शासन)
वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री बनने पर एवं
मा. प्रेमचंद पटेल जी
विधायक- कटघोरा विधानसभा बनने
एवं जन्मदिन की
अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं...
जिले एवं क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रमोद जायसवाल
अरूण राठौर
हीरालाल अहीर
नरेन्द्र राठौर
राज ओगरे
भोज प्रसाद चंद्राकर
लंबोदर राठौर
चैतराम बघेल
सूर्या टंडन
नरेश टंडन
जिला मंत्री-भाजपा, कोरबा


मा.लखनलाल देवांगन जी
को वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री (छ.ग. शासन) बनने पर एवं
मा. प्रेमचंद पटेल जी
BJP
को कटघोरा विधायक बनने व जन्मदिन की
बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं...
जिले एवं क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
छोटेलाल पटेल
विनय चंद्राकर
शनि जायसवाल
पिंटू राठौर
पप्पू राठौर
संजय राठौर
निखिल राठौर
राजा राठौर
अभिषेक अग्रवाल
यदुराज राठौर
व्यास राठौर
आशीष अग्रवाल
विनीत-समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं मित्रगण, हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)

1 korba- bhoomi pg3_Layout 1 1/1/2024 11:48 PM Page 1








## खबर संक्षेप



### चलचित्र के माध्यम से योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम मुढ़ाली व कटसीरा में, जनपद पंचायत करतला के गिधौरी व दादरकला में, विकासखण्ड कोरबा के लबेद, डूमरडीह, गिरारी व गितकुंवारी में, पोड़ी-उपरोड़ा जनपद के पोड़ीखुर्द व रोदे/फुलसर में एवं पाली जनपद के ग्राम भंडारखोल और लाफा में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

### उद्योग मंत्री का स्वागत किया आईटीआई अप्रेंटिस संघ ने



**कोरबा।** वाणिज्य उद्योग श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से राष्ट्रीय आईटीआई अप्रेंटिस संघ ने मुलाकात कर उनका स्वागत करते हुए संघ के कार्यों और उनसे संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री ने संघ के अध्यक्ष सुशील निर्मलकर से आईटीआई अप्रेंटिस के संबंध में चर्चा की। श्री निर्मलकर ने उद्योग मंत्री को बताया कि एसईसीएल में बड़ी संख्या में अप्रेंटिस के पद खाली हैं लेकिन कोल इंडिया इस पद पर भर्ती न कर आउट सोर्सिंग से भर्ती कर रहा है। जिससे आईटीआई अप्रेंटिस करने वाले बेरोजगार घूम रहे हैं। यही स्थिति एसईसीएल के अलावा अन्य औद्योगिक उपक्रमों की भी है वहां भी अप्रेंटिस की मांग नहीं मानी जा रही है। श्री देवांगन ने आश्वस्त किया कि वह संघ की समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

### लाईफ इन क्राईस्ट चर्च में प्रभु ईशु का जन्मदिन

**कोरबा।** संसार में प्रेम और भाईचारा का संदेश देने वाले प्रभु ईशु के अनुयाइयों ने एक दूसरे को प्रेम संदेश बांटकर सोमवार को प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया। मसीही विश्वासियों ने इस अवसर पर जिले के दर्जनों गिरजाघरों को रंग रोगन और आकर्षक लाइटों से सजाया। चर्च में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। वहीं शांता क्लाज के साथ प्रभु यीशु मसीह की झांकी भी सजाई गई। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव खुशियां और नववर्ष के आनंदित अवसर पर लाईफ इन क्राईस्ट चर्च के सदस्यों ने उरगा थाने के सभी पुलिस स्टाफ से सोमवार सुबह मुलाकात कर मिठाई, गिफ्ट बांट कर क्रिसमस और न्यू इयर सेलीब्रेट किया।

## शाम 6 बजे के बाद शुरु होती थी तकनीकी क्लास

# अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स के बंद होने का मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कामगारों को तकनीकी शिक्षा का डिप्लोमा देने के लिए राज्य शासन ने सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत की थी। जिसके पहले तो बेहतर रुझान नजर आए और सभी सीटें फुल रहती थी लेकिन बीते तीन साल से कोरबा पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने वालों की संख्या लगभग नगण्य हो गई है। स्थिति यह हो गई है कि अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स बंद करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- रूमगरा पालिटेक्निक कॉलेज में तीन साल से खाली जा रही सीटें

विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नियमित और ठेका कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए जिनके पास किसी तरह की तकनीकी शिक्षा का डिप्लोमा नहीं था ऐसे कामगारों के लिए सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स शुरु किया था। जिसके शुरुआती दौर में यह स्थिति थी कि कोर्स की सभी सीटें फुल रहा करती थी लेकिन बीते तीन वर्ष से कोरबा पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स की सीट खाली जा रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरबा में इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल के ही अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स चल रहे हैं जिनके लिए 60-60 सीटें प्रवेश के लिए रखी गई है। किंतु बीते तीन वर्ष से दोनों डिप्लोमा कोर्स की 120 सीट में आधी भी नहीं भर पा रही हैं। स्थिति यह है कि अब अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स बंद होने की स्थिति आ गई है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन इस बात को नकारता है किंतु बीते तीन वर्ष से इन दोनों कोर्स के लिए कोई कामगार प्रवेश लेने नहीं आ रहे। इस बात को प्रबंधन जरुर स्वीकारता है। उनका कहना है कि प्रवेश चालू है लेकिन लोगों में अब रुचि ही नहीं रही। इसलिए सीट खाली जा रही है। कोरबा पॉलिटेक्निक कॉलेज में नियमित कक्षाएं भी चल रही हैं। जिसमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल के अलावा इंस्टुमेंशन एंड टेली कम्युनिकेशन के ट्रेड चल रहे हैं जहां वर्तमान में 180 छात्रों ने प्रवेश लिया है।




फाइल फोटो

### बीई की डिग्री में भी नहीं मिल रहे छात्र

जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज आईटी कोरबा में भी प्रवेश के लिए छात्र नहीं मिल रहे हैं। पॉलिटेक्निक कॉलेज की भी बीते दो वर्ष से सभी ट्रेड की सीट पूरी नहीं भरी थी। इस वर्ष ही सभी 180 सीटों में पहली बार प्रवेश हुआ है। दो वर्ष से 180 सीट के लिए भी छात्र नहीं मिल रहे थे। कमोबेस इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रबंधन को अपने यहां संचालित ट्रेड में प्रवेश के लिए छात्रों को खोजना पड़ रहा था। जब नियमित ट्रेड के लिए छात्र नहीं मिल रहे हैं तो ऐसे में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स का नियमित रुप से चलना मुश्किल हो गया है।

### नहीं आ रहे छात्र

पॉलिटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल दो ट्रेड के लिए अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स चालू है। 60-60 सीटें रखी है लेकिन बीते तीन वर्ष से इनके लिए कोई छात्र नहीं मिल रहे हैं।

**-मुरारी महतो,**
प्रोग्रामर, पॉलिटेक्निक कॉलेज रुमगरा

# कुसमुंडा मुख्यालय के सामने भूविस्थापितों ने रोजगार के लिए किया अर्धनग्न प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

भूविस्थापित किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार देने की मांग को लेकर सोमवार को कुसमुंडा एसईसीएल मुख्यालय के सामने भूविस्थापितों ने अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया और नए साल के पहले दिन ही अपने संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया। इसी के साथ उनके अनिश्चितकालीन धरना के 791 दिन पूरे हो गए हैं।

**खास बात**

- नियमित रोजगार की मांग को लेकर भूविस्थपितों का जारी है आंदोलन

आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि कुसमुंडा कोयला खदान विस्तार के लिए 1978 से 2004 तक जरहाजेल, बरपाली, दुरपा, खम्हरिया, मनगांव, बरमपुर, दुल्लापुर, जटराज, सोनपुरी, बरकुटा, गेवरा, भैसमाखार आदि गांवों में बड़े पैमाने पर हजारों किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। उस समय एसईसीएल की नीति भूमि के बदले रोजगार देने की थी, लेकिन प्रभावित परिवारों को उसने रोजगार नहीं दिया तो इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार है न कि भूविस्थापित किसान। बाद में यह नीति बदलकर न्यूनतम 2 एकड़ भूमि के अधिग्रहण पर एक रोजगार देने की बना दी गई। इस अधिग्रहण से प्रभावित अधिकांश किसान रोजगार मिलने के हक से वंचित हो गए। एसईसीएल की इस नीति के खिलाफ और सबको रोजगार देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ किसान सभा और रोजगार एकता संघ द्वारा मिल–जुलकर पिछले दो साल से आंदोलन किया जा रहा है। इस बीच कई बार खदान बंद आंदोलन भी किया गया, जिसमें सोलह आंदोलनकारियों को जेल भी भेजा गया था लेकिन दमन के आगे न झुकते हुए आंदोलन जारी है। आंदोलन के चलते प्रबंधन को झुकते हुए 22 भूविस्थापितों को रोजगार देना भी पड़ा है अभी भी सैकड़ों भूविस्थापित किसान रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सभी भूविस्थापित परिवार के एक सदस्य को रोजगार मिलने तक संघर्ष और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, सुमेंद्र सिंह ठकराल, रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु यादव, जय कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे।

# अखबार वितरक बीमा व पेंशन का उठा सकते हैं लाभ

**कटघोरा।** छग अखबार वितरक संघ कटघोरा इकाई द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर शहर कटघोरा बस स्टैंड के पास केक काटकर मनाया। इस अवसर पर छग अखबार वितरक संघ ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा जारी ई-श्रम पोर्टल जारी किया गया है, जिसमें अखबार वितरकों के लिए भी असंगठित मजदूर के रूप में बीमा पेंशन, अन्य श्रम कल्याण योजनाओं का लाभ मिलेगा इसके लिए स्वयं या अन्य अखबार वितरकों को प्रेरित करपंजीयन जल्द से जल्द कराए ताकि प्रदेश व केंद्रीय शासन द्वारा घोषित योजनाओं का लाभ अखबार वितरकों को मिल सके। इस अवसर पर छग अखबार वितरक संघ कटघोरा इकाई अध्यक्ष कन्हैया लाल, उपाध्यक्ष विजय दास, सचिव श्रवण, संरक्षक अरविंद साहू, रोसन दास, यूराज, प्रिंस, कान्हा, बाबी, अमन, सुनील, दुर्गा आदि उपस्थित थे।

# जनजाति कार्य मंत्रालय की सुश्री जमील ने पीव्हीटीजी बसाहट क्षेत्र का किया निरीक्षण



ग्रामीणों से मिलते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनजाति कार्य मंत्रालय एवं जिले की जिला समन्वयक पीएम जनमन सुश्री जेबा जमील ने ग्राम पंचायत पतरापाली व लबेद का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सुश्री जेबा जमील ने पीव्हीटीजी वर्ग के लोगों रूबरू होते हुए उन्हें वर्तमान में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मिल रही सुविधाओं एवं लाभों के बारे में विभागवार जानकारी ली एवं उनके भविष्य की जरूरतों से अवगत भी हुई। उन्होंने जनजाति लोगों को पीएम जनमन योजना के बारे में बताया कि इस योजना के तहत पीव्हीटीजी बसाहटो में विभिन्न विभागों के माध्यम से आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि की शतप्रतिशत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, राशन, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को विभिन्न सुविधाएं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा आदि योजनाओं का समय पर लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से प्राथमिकता से लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने उक्त ग्राम में बहुद्देशीय केंद्र निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का अवलोकन भी किया।

# नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली के प्राचीन शिवालय और चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में सोमवार को नववर्ष के पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए साल का पहला दिन भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया। नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट और देव स्थल लोगों से गुलजार रहे।

नव वर्ष 2024 के पहले दिन पाली के ऐतिहासिक पुरातात्विक व प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना और दिनभर खीर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। शाम को दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा गया। नौकोनिया तालाब के शिवघाट पर विगत 8 माह से हर महीने के प्रथम सोमवार को गंगा आरती की तर्ज पर शिव सरोवर आरती किया गया। संयोग से वर्ष का प्रथम दिन सोमवार पड़ा। शाम को 5 बजे शिव मंदिर घाट और मंदिर में दीप प्रज्वलन करने बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुँचे।

### डीएसपीएम मनाया गया नववर्ष



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे निष्ठावान कर्मी गौरवमयी परम्परा के अनुसार विद्युत उत्पादन कर अपना बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, एलएन सूर्यवंशी, आशीष श्रीवास्तव, संजीव कंसल उपस्थित थे। संचालन मुख्य रसायनज्ञ सह वरि. कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार द्वारा किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# श्रद्धा महिला मंडल ने जरुरतमंद लोगों को बांटा गर्म कपड़े




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रद्धा महिला मंडल और शाखा सीडब्ल्यूएस आकृति महिला समिति द्वारा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर रनवेल बस्ती है इस गांव के लोगों को मदद की बहुत अधिक जरूरत थी। यहाँ उन्हें किसी भी तरह की मदद नहीं मिलती है। ठंड से बचने के लिए यहां के वृद्ध महिलाएं एवं पुरुषों को 25 नग कंबल और बच्चों को गर्म कपड़ा मौजा, टोपी दिया गया। बालिकाओं भी लेडीज बैग दिया गया। महिलाएं, पुरुषों और बच्चों को मिठाई, समोसा मिक्सर बिस्किट चिप्स देते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर डॉ कुमुदीन जेबियर अध्यक्षा, सीमा राव, झरना ओझा, तृप्ति नागराले, रश्मि टंडन, लक्ष्मी प्रसाद, श्रद्धा गुप्ता एवं अर्चना मिश्रा उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-



बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

पैसे बीमारी ठीक होने पर देना है

बढ़ती उम्र से तथा बी. पी. शुगर के कारण आई कमजोरी, टाइम ना बनना, शीघ्र पतन, धातु रोग, स्वप्न दोष,शुक्राणुओं की कमी, संतान ना होना, वैवाहिक जीवन में निराशा, लिंग में ढीलापन, पतलापन, टेढ़ापन, बचपन की गलतियां, हस्त मैथुन, डायबिटिज, गठिया वात, एलर्जी, अस्थमा, लीवर कमजोर आदि रोगों को विशेष आयुर्वेद पद्धति से ठीक किया जाता है।

मनचाहा सेक्स संबंध पूरी सफलता से प्राप्त करने हेतु एक बार अवश्य मिले

धनवन्तरी आयुर्वेदिक
नया बस स्टैण्ड के पास ब्लू डायमंड होटल के सामने, कोरबा (छ.ग.)
9922533222 समय 9 से 7 बजे

### पृष्ठ 1 का शेष

#### सेलिब्रेट करने 2 करोड़ ...

जिले के 37 देशी विदेशी दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिली। ज्यादातर शराब दुकानों में लोगों को कतार में खड़े होकर शराब खरीदना पड़ा। आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक अमूमन आम दिनों में 70 से 80 लाख रुपए की शराब की बिक्री होती है लेकिन नए साल के अवसर पर रविवार को जिले में लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपए का शराब बिका है।

#### कप्तान ग्राउंड जीरो...

ऐसे में कोई घटना दुर्घटना ना हो और आम लोग बेहतर तरीके से इस जश्न को सेलिब्रेट कर सके इसके लिए पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने विशेष पहल की थी जिसके चलते शहर में कोई भी बड़ी घटना दुर्घटना सामने नहीं आयी और बहुत शांति से नए साल का जश्न संपन्न हो गया जिसमें पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की महती भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 अलविदा और वर्ष 2024 को सेलिब्रेट करने के लिए तैयारी की गई थी तो वहीं दूसरी ओर जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र सतरेंगा, बुका, देवपहरी, झोराघाट, गोल्डन आईलैंड, चैतुरगढ़ सहित अन्य स्थल में लोगों की भारी भीड उमड़ी थी। पर्यटन केंद्र में आम लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और लोग इस खुशी को बेहतर ढंग से मना सके इसके लिए पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने विशेष पहल की थी। बताया जाता है कि जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। सभी पर्यटन स्थल में 1-4 जवान तैनात किए गए थे। साथ ही पर्यटन स्थल में शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े गए तो गाड़ी को सीधे पुलिस जप्त कर रही थी। 29 दिसंबर से 1 जनवरी की दोपहर तक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 गाड़ियों को जप्त किया है। अब ये गाड़ी पूरे 7 दिनों तक थाने में खड़ी रहेगी।

